## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 19.02.2026 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यकम के अनुसार दिनांक 19.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यकम की बैठक सम्पन्न हुयी । बैठक में अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, डी.सी. डीपीएमयू सहित कार्यदायी संस्था जी.ए. इन्फा के परियोजना प्रबन्धक तथा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।

बैठक में समीक्षा के दौरान दिये गये मुख्य निर्देश निम्नवत् हैं:–

बिन्दु संख्या :– 01

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में 02 कार्यदायी संस्था कमशः वेलसपन एवं जी.एन. इन्फा कार्य कर रही है । कार्यदायी संस्था वेल्सपन एवं जी.एन. इन्फा द्वारा कराये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति निम्नवत् है :–

**वेलस्पन इन्टरप्राइजेज लिमिटेड–**

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 263 | 259 | 4 |
| 2 | Boundary Wall | 263 | 237 | 26 |
| 3 | Pump House | 263 | 252 | 11 |
| 4 | Chlorination | 263 | 222 | 41 |
| 5 | Solar | 263 | 198 | 65 |
| 6 | ESR | 263 | 52 | 211 |
| 7 | Pipeline (Km.) | 3950.25 | 3887.10 | 63 |
| 8 | FHTC | 160069 | 111254 | 48815 |
| 9 | Har Ghar Jal | 752 | 44 | 708 |

**जी0ए0 इन्फा–**

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 136 | 135 | 1 |
| 2 | Boundary Wall | 136 | 133 | 2 |
| 3 | Pump House | 136 | 131 | 4 |
| 4 | Solar | 121 | 119 | 2 |
| 5 | OHSR | 136 | 123 | 13 |
| 6 | Pipeline (Km.) | 1560.63 | 1515.30 | 45.33 |
| 7 | FHTC | 53784 | 51906 | 1878 |
| 8 | Har Ghar Jal | 244 | 73 | 171 |

समीक्षा के दौरान पाया गया कि गत माह के सापेक्ष वर्तमान माह में प्रगति अत्यन्त न्यून है, कई इंडीकेट्र्स में वर्तमान माह में प्रगति हुयी ही नहीं है । जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत दोनों कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि वे अवशेष कार्य अतिशीघ्र मानक के अनुसार पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करायें। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लक्षित कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण किये जाने हेतु अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया ।

1. अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे आगामी बैठक में आज की बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या (कमांक– अनुपालन के बिन्दु– अनुपालन आख्या) अवश्य प्रस्तुत करें ।

Scanned with OKEN Scanner

2. अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे आगामी बैठक में वेल्स्पन एवं जीए इन्फ्रा के गत माह एवं वर्तमान माह में किये गये कार्यों का तुलनात्मक विवरण इंडीकेटरवार प्रस्तुत करें ।
3. अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे जिलाधिकारी महोदय द्वारा मासिक बैठकों की तिथि निर्धारित करने के कम में अपने विभाग की बैठक के पूर्व बैठक हेतु एजेण्डा बिन्दु निर्गत करें तथा तुलनात्मक प्रगति रिपोर्ट बैठक के एक दिन पूर्व उपलब्ध करायें ।
4. समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिन पेयजल परियोजनाओं की जमीन अभी प्राप्त नहीं है, उस संबंध में अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया था कि संबंधित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर निराकरण करायें । बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी से वार्ता करने पर यह स्पष्ट हुआ कि अधिशासी अभिंयता जल निगम ग्रामीण का कथन मिथ्या साबित हुआ, जमीन संबंधी प्रकरण के निस्तारण में इनकी रूचि नहीं है । मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा की गयी कि वे इस संबंध में अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करें । अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि अशोगापुर, अहिमनपुर, प्रयागदासपुर, कठौता आदि परियोजना के जमीन संबंधी प्रकरण में व्यक्तिगत रूप से संबंधित उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर निराकरण करायें तथा कृतकार्यवाही से अवगत करायें।
5. समीक्षा के दौरान पाया गया कि डुडांव, जेठूपुर, चकबसुही, सिंकीचौरा, पूरेविश्वनाथ, पूरेगोसाईदास, उमरहां, चकापुर, मवैयाहरदोपट्टी, गोपीपुर व काशीरामपुर में एच.टी. विद्युत लाईन शिफ्ट किया जाना है, जिसके संबंध में धनराशि विद्युत विभाग में जमा कर दी गयी है परन्तु अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है । अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे अधिशासी अभियंता, विद्युत से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर एच.टी. विद्युत लाईन शिफ्ट कराये जाने का कार्य पूरा कराया जाना सुनिश्चित करायें । आगामी बैठक में विद्युत विभाग एवं लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व जिला पंचायत के अधिकारी को भी बुलायें ।
6. हर घर जल विलेज सर्टिफिकेशन के प्रगति अत्यन्त खराब पायी गयी । जी.ए. इन्फ्रा द्वारा 136 परियोजनाओं के सापेक्ष 119 परियोजना पर जलापूर्ति करायी जा रही है किन्तु अभी तक मात्र 73 ग्राम पंचायतों का सर्टिफिकेशन हुआ है । वेल्स्पन द्वारा 263 परियोजना के सापेक्ष 85 में जलापूर्ति करायी जा रही है, मात्र 43 का सर्टिफिकेशन कराया गया है । निर्देशित किया गया कि जिन परियोजनाओं से जलापूर्ति करायी जा रही है, नियमानुसार सर्टिफिकेशन कराया जाना सुनिश्चित करायें ।
7. अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे पेयजल परियोजनाओं पर विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए सूची तैयार कर प्रस्तुत करें ।
8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया गया कि यदि किसी परियोजना में शासकीय धनराशि की क्षति होती है तो सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कठोर कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

Scanned with OKEN Scanner

9. अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे डी.डब्लू.एस.एम. की बैठक का कार्यवृत्त अपर मुख्य सचिव महोदय को भी प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें तथा पेयजल परियोजना के शिथिल प्रगति के दृष्टिगत कार्यदायी संस्था के विरूद्ध पत्र प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अनिवार्य रूप से 03 दिन के भीतर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

16/03/26

(जिलाधिकारी)
भदोही।

O/C
CG
16.3.2026

कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।

पत्रांक 963 / कार्य - 33 / 02 दिनांक 16.03.2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. सम्बन्धित समस्त अधिकारी भदोही।
3. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या प्रत्येक दशा में 03 के भीतर प्रस्तुत करें।

(जिलाधिकारी)
भदोही।

O/C
CG
16.3.2026

Scanned with OKEN Scanner